ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 30-11-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-11-30 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-12-01	2021-12-02	2021-12-03	2021-12-04	2021-12-05
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	1.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	25.0	23.0	22.0	23.0	24.0
न्यूनतम तापमान(से.)	10.0	11.0	10.0	10.0	10.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	90	90	85	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	60	65	60	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	100	130	100	80	80
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	5	6	3	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (23 – 29 नवम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 24.0 से 26.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 8.4 से 10.8 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 87 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 31 से 45 प्रतिशत एवं हवा 0.8 से 3.6 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, 2 दिसम्बर को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 22.0 से 25.0 व 10.0 से 11.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 5 से 11 दिसम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि धान की फसल के अवशेषों को खेत में न जलाएं क्योंकि यह न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है बल्कि गंभीर स्वास्थ्य जैसे की श्वसन सम्बन्धी समस्या का भी कारण बनता है। किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि फसल के अवशेष को मिट्टी में मिला दें। यह मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाता है। इसका उपयोग मिट्टी के वाष्पीकरण को कम करने और मिट्टी की नमी को संरक्षित करने के लिए पलवार के रुप में किया जा सकता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 2 दिसम्बर को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। फसलों व सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	समय पर बोई गई पीली सरसों की फलियो में दाना भरते व देर से बोई गई फसल में फूल आने से पूर्व हल्की सिंचाई करें
फील्ड पी	मटर की फसल में एफिड का प्रकोप होने पर, थाइमेथेक्ज़ाम 25 डब्ल्यू डी जी एकतारा का 100 ग्राम/ हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
लहसुन	लहसुन की फसल में निराई गुड़ाई एवं सिचाई करें।
गेहूँ	गेहूँ की बुवाई के 20-25 दिन पर 5-6 सेंटीमीटर की पहली सचाई और दूसरी सिंचाई 40 से 45 दिन पर कल्ले निकलते समय करें। समतल खेत में सिंचाई से पहले या सिंचाई के 4-6 दिन बाद नाइट्रोजन की टॉप ड्रेसिंग करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	थ्रिप्स को नियंत्रित करने के लिए फिप्रोनिल 5 एस सी का 2 मिली/है0 की दर से छिड़काव करना चाहिए।
गोभी	फूल गोभी में हल्की सिंचाई करें। मध्यकालीन गोभी के फूलों की तोड़ाई कर बाजार भेंजें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुद्दढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। भैसों का मदकाल अक्टूबर-नवम्बर तक होता है, इसलिए इन महीनो में मादा भैंसों में मदकाल के लक्षणों का सुबह- शाम निरीक्षण करें, ताकि गर्भाधान की प्रक्रिया समय से सम्पन्न करायी जा सके।
गाय	इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुद्दढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें।